(घ) यदि हां, तो शिर्डी में अब तक एक विमानपत्तन बनाए जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति न किए जाने के क्या कारण हैं ;

(ङ) शिर्डी में विमानपत्तन कब तक बना दिया जाएगा ;

(च) क्या यह सच है कि सरकार कोल्हापुर जिले में ज्योतिबा में और नांदेड जिले में गुरुद्वारों में भी ऐसे विमानपत्तन बनाने का विचार रखती है; और

(छ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) सरकार की महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों को विमान सेवा से जोड़ने की कोई योजना नहीं है ।

(ग) से (ङ) महाराष्ट्र सरकार की शिर्डी में हवाई अड्डे की एक परियोजना है और राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण केवल तकनीकी परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराता है अन्य सभी अनुमति राज्य सरकार द्वारा ली जानी हैं ।

(च) और (छ) सरकार की कोल्हापुर अथवा नांदेड में हवाई अड्डों के निर्माण की ऐसी कोई योजना नहीं है ।

Resumption of air services from Guwahati to Imphal and Patna

1153. SHRI SUNDER SINGH BHANDARI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Guwahati-Imphal has no daily air service; if so, what are the reasons thereof;

(b) whether it is also a fact that Patna and Guwahati have ceased to be linked by any air service; and

(c) by when the two services are likely to be started ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA) : (a) Presently Indian Airlines is operating only twice a week A-320 service between Guwahati and Imphal. Due to capacity constraints, it is not possible to operate the service on a daily basis.

(b) Yes, Sir.

(c) The services between Guwahati and Imphal may be augmented subject to improvement in operating aircraft capacity. Indian Airlines has no proposal to restore its service between Patna and Guwahati due to inadequate traffic demand.

पोर्ट ब्लेयर में विमानतल का विकास

1154. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पोर्ट ब्लेयर में वर्तमान विमानतल का विकास किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह विमानतल शहरी बस्ती के बीच अथवा उसके बहुत निकट है और निकटवर्ती बस्तियों के निवासियों को हवाई जहाज के उड़ान भरते समय और उतरते समय बहुत असुविधा होती है ;

(ग) क्या सरकार ने केवल 8 किलो मीटर दूर कालीकट में विमानतल के निर्माण की योजना को पहले ही स्वीकृति दे दी है और इस पर लगभग 50 लाख रुपये व्यय भी हो चुके हैं; और

(घ) वर्तमान विमानतल का विकास करने के लिए भवनों और भूमि के अधिग्रहण के बदले में कुल कितनी क्षतिपूर्ति राशि व्यय होगी ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) पोर्टब्लेयर का हवाई अड्डा भारतीय नौ सेना का है । राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सिविल यात्रियों